# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

## स्नातक द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा वर्ष – 2022

## उत्तरपुस्तिकाओं के संकलन/प्रश्नपत्र वितरण केन्द्रों का नाम

| क्र.सं. | कालेज कोड | संकलन (नोडल) केन्द्र का नाम | सम्बद्ध परीक्षा केन्द्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 000 | विश्वविद्यालय परिसर | 14 |
| 2 | 601 | टी.डी. पी.जी कालेज, जौनपुर | 22 |
| 3 | 610 | बयालसी महाविद्यालय, जलालपुर, जौनपुर | 11 |
| 4 | 607 | कुटीर महाविद्यालय, चक्के जौनपुर (स्वसंकलन केन्द्र) | 01 |
| 5 | 602 | नागरिक डिग्री कालेज जंघई, जौनपुर | 16 |
| 6 | 612 | मड़ियाहूँ महा0 मड़ियाहूँ, जौनपुर | 24 |
| 7 | 605 | आर0एस0के0डी0 पी0जी0 कालेज, जौनपुर | 09 |
| 8 | 611 | सल्तनत बहादुर पी0जी0 कालेज बदलापुर, जौनपुर | 30 |
| 9 | 604 | श्री गणेश राय पी0जी0 कालेज डोभी, जौनपुर | 22 |
| 10 | 614 | रामअवध यादव गन्ना कृषक महा0 ताखा शाहगंज, जौनपुर | 09 |
| 11 | 615 | गाँधी स्मारक पी.जी. कालेज, समोधपुर, जौनपुर | 07 |
| 12 | 406 | राजकीय महिला महावि., गाजीपुर | 30 |
| 13 | 413 | स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर | 38 |
| 14 | 409 | महन्थ रामाश्रय दास महा0 भुड़कुड़ा, गाजीपुर | 28 |
| 15 | 405 | समता स्नातकोत्तर महा0 सादात, गाजीपुर | 35 |
| 16 | 402 | हिन्दू पी0जी0 कालेज जमानियाँ, गाजीपुर | 17 |
| 17 | 411 | पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय, सैदपुर गाजीपुर | 45 |
| 18 | 420 | शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय, यूसुफपुर, मुहम्मदाबाद, गाजीपुर | 27 |
| 19 | 101 | हण्डिया पी0जी0 कालेज, हण्डिया, प्रयागराज (स्वसंकलन केन्द्र) | 01 |
| | | **कुल परीक्षा केन्द्रों की संख्या ==** | 386 |

# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर – 222003

पत्रांक 2950 / गोपनीय / 2022 दिनांक 13.08.2022

**प्रेषक:–**

**परीक्षा नियंत्रक,**
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर (उ0 प्र0)।

**सेवा में.**

**प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष,**
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

**विषय:– परीक्षा वर्ष 2022 स्नातक द्वितीय सेमेस्टर कक्षाओं के प्रश्नपत्र वितरण / उत्तरपुस्तिकाओं के संकलन हेतु आवश्यक निर्देश।**

**महोदय.**

आपको अवगत कराना है कि आपके महाविद्यालय को वर्ष 2022 स्नातक द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा के प्रश्नपत्र वितरण / उत्तरपुस्तिकाओं के संकलन हेतु नोडल केन्द्र बनाया गया है। नोडल केन्द्र से सम्बद्ध परीक्षा केन्द्रों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइड www.vbspu.ac.in पर उपलब्ध है। उत्तरपुस्तिका संकलन / प्रश्नपत्र वितरण हेतु निम्न निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें :–

1. उत्तरपुस्तिकाऐं जिस कक्ष में रखी जाय, उसकी फर्श पक्की हो तथा उसमें शीलन नहीं होनी चाहिये।
2. कक्ष में प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये।
3. कक्ष में सी.सी.टी.वी. कैमरे की व्यवस्था होनी चाहिए।
4. कक्ष के दरवाजे तथा खिड़कियां आदि मजबूत होनी चाहिये।
5. उत्तरपुस्तिकाऍं कक्षावार, कैचवार, विषयवार एवं प्रश्नपत्रवार रखी जायेंगी।
6. प्रत्येक दशा में परीक्षा तिथि के दिन ही सम्बन्धित प्रश्नपत्र की उत्तरपुस्तिकाऐं सायं 07.00 बजे तक स्वीकार की जायेंगी।
7. संकलन केन्द्र उत्तरपुस्तिका संकलन के लिये प्रतिदिन सायं 8.00 बजे तक खुला रहेगा।
8. यह भी सुनिश्चित किया जाय कि यू.एफ.एम. की उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल विश्वविद्यालय से जाने वाले प्रतिनिधियों को अलग से प्राप्त करा दिये जायें और उन्हें विश्वविद्यालय को भेजे जाने तक अलग से पूरी सुरक्षा में रखा जाय।
9. उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय से जाने वाले प्रतिनिधि को प्राप्त करायी जा रही उत्तरपुस्तिकाओं का ही विवरण सूचीबद्ध कर दें।
10. नोडल केन्द्र पर प्रश्नपत्र प्राप्त करने हेतु किसी जिम्मेदार प्राध्यापक / कर्मचारी को नियुक्त करें जो 24 घण्टे नोडल केन्द्र पर उपलब्ध रहें।
11. नोडल केन्द्र प्रभारी अपने केन्द्र से सम्बन्धित महाविद्यालयों (परीक्षा केन्द्रों) के प्रश्नपत्र प्राप्त करने के उपरान्त उसी दिन प्रश्नपत्रों का मिलान कर लें। किसी भी केन्द्र का प्रश्नपत्र न पहुँचने की दशा में इसकी सूचना तत्काल विश्वविद्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम प्रभारी को देने का कष्ट करें।

क्रमशः 02/

12. संकलन कार्य के लिये केन्द्र पर **(स्वसंकलन केन्द्र को छोड़कर)** प्राचार्य के अतिरिक्त प्राध्यापकों, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की संख्या निम्नवत् होगी :–

(क) संकलन केन्द्र से –25 परीक्षा केन्द्र सम्बद्ध होने पर
प्राचार्य,
प्राध्यापक–01, तृतीय श्रेणी कर्मचारी–02, तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–02

(ख) संकलन केन्द्र से –25 से अधिक परीक्षा केन्द्र सम्बद्ध होने पर
प्राचार्य,
प्राध्यापक–02 तृतीय श्रेणी कर्मचारी–02, तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–03

13. संकलन कार्य हेतु लगाये गये प्राध्यापकों/कर्मचारियों को निम्नवत् पारिश्रमिक एवं अन्य व्यय देय होंगे –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | प्राचार्य | – | रु.6750/–(रु.छः हजार सात सौ पचास मात्र)। |
| (ख) | प्राध्यापक | – | रु.9000/–(रु.नौ हजार मात्र)। |
| (ग) | तृतीय श्रेणी कर्मचारी | – | रु.2700/–(रु.दो हजार सात सौ मात्र)। |
| (घ) | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | – | रु.1800/–(रु.एक हजार आठ सौ मात्र)। |
| (ड) | जलपान | – | रु. 25/–(रु.पचीस मात्र) प्रति व्यक्ति। |
| (च) | कन्टीजेन्सी (स्टेशनरी, सुतली आदि) | | रु. 500/–(रु.पाँच सौ मात्र)। |

14. नोडल केन्द्रों **(स्वसंकलन केन्द्र को छोड़कर)** को प्रश्नपत्र वितरण किये जाने वाले कार्य के लिए निम्नानुसार पारिश्रमिक दिया जायेगा –

**(क) संकलन केन्द्र से 25 परीक्षा केन्द्र सम्बद्ध होने पर :–**

| | | निर्धारित पारिश्रमिक |
|---|---|---|
| प्राचार्य– | | 3,375.00 |
| प्राध्यापक– | 01 | 4,500.00 |
| तृतीय श्रेणी कर्मचारी | 02 | 1,350.00 प्रति कर्मचारी |
| चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 02 | 900.00 प्रति कर्मचारी |

**(ख) संकलन केन्द्र से 25 से अधिक परीक्षा केन्द्र सम्बद्ध होने पर :–**

| | |
|---|---|
| प्राचार्य– | |
| प्राध्यापक– | 02 |
| तृतीय श्रेणी कर्मचारी | 02 |
| चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 03 |

नोट :– **परीक्षा समाप्ति के पश्चात नोडल केन्द्र पर लगाये गये प्राध्यापकों/कर्मचारियों का देयक वांछित सुसंगत अभिलेखों सहित भुगतान हेतु अधोहस्ताक्षरी को परीक्षा समाप्ति के एक माह के भीतर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।**

भवदीय
14/8/22
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. वित्तअधिकारी/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. अधीक्षक, गोपनीय/अतिगोपनीय/परीक्षा/प्रभारी, कन्ट्रोल रूम।
4. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

**सहायक कुलसचिव**
**(गोपनीय)**